कोटद्वार,शुक्रवार
2 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 270 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 पेश किया

## इन्कम टैक्स में कोई बदलाव नही,लक्षद्वीप जैसे द्वीपों पर सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी



नई दिल्ली , अंतरिम बजट भाषण के समापन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 पेश किया ,विधेयक को पूर्ण बहुमत से पास किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा हमारे युवा देश में उच्च आकांक्षाएं हैं, अपने वर्तमान पर गर्व है और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशा और विश्वास है। हम उम्मीद करते हैं कि हमारी सरकार को उसके शानदार काम के आधार पर लोग फिर से एक शानदार जनादेश देंगे।

यहां पढ़े अंतरिम बजट की महत्वपूर्ण घोषणाएं –

–केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा मैं आयात शुल्क सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए समान कर दरों को बनाए रखने का प्रस्ताव करती हूं। संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 2024–25 में राजकोषीय घाटा त्रष्ठक्क का 5.1त्न रहने का अनुमान है।

1.घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपों पर बंदरगाह कनेक्टिविटी, प र्यटन बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी

2.यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मा नकों में परिवर्तित किया जाएगा।

3.तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे कॉरिडोर लागू किए जाएंगे, ये हैं– 1) ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉ रिडोर, 2) पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर, 3) उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर। मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गतिशक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है।

4.आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कवर सभी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स हायकों तक बढ़ाया जाएगा।संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, कोविड के बावजूद हमने पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ। 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे।

5.पिछले 10 साल में 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए...ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को 70त्न आवास महिलाओं को मिले हैं।

6.वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा अगले पांच साल अभूतपूर्व विकास के साल होंगे। हमारी स रकार ऐसी आर्थिक नीतियां अपनाएगी जो विकास को बढ़ावा दें और बनाए रखें, समावेशी और सतत विकास की सुविधा प्रदान करें, उत्पादकता में सुधार करें, सभी के लिए अवसर पैदा करें, उन्हें अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करें और ऊर्जा निवेश और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संसाधनों के उत्पादन में योगदान दें।

7.हमें गरीब, महिलायें, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है; वित्त मंत्री निर्मला सी तारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा, उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सवोच्च प्राथमिकताएं हैं।


8.अंतरिम बजट में सीतारमण ने कहा भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले 10 वर्षों में गहरा सकारात्मक प रिवर्तन देखा है, भारत के लोग आशा और आश-ावाद के साथ भविष्य की ओर देख रहे हैं। लोगों के आशीर्वाद से, जब हमारी सरकार – पीएम के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी – 2014 में सत्ता संभाली, देश को सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

## विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त करेगा ये बजट : पीएम मोदी



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को भारत के भविष्य के निर्माण का बजट बताते हुए कहा है कि ये बजट विकसित भारत के चार स्तम्भ झ्र युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस शानदार बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का ध्यान रखा गया है। गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने के मकसद से उनके लिए आय के नए अवसर बनाने पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का अंतरिम बजट समावेशी होने के साथ–साथ इनोवेटिव भी है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। उन्होंने कहा कि आज जिस इनकम टैक्स की नई स्कीम की घोषणा की गई, उससे मध्यम वर्ग के एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछली सरकारों ने सामान्य लोगों के सिर पर दशकों से ये बहुत बड़ी तलवार लटका कर रखी थी। उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार एक बड़ा लक्ष्य तय करती है, उसे प्राप्त करती है और फिर उससे भी बड़ा लक्ष्य अपने लिए तय करती है। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों में गरीबों के लिए 4 करोड़ से अधिक घर बनाए और अब उन्होंने 2 करोड़ और घर बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इसे बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया है।

## गांव, गरीब, मजदूर, किसान के कल्याण की सोच वाला है यह बजट : नितिन गडकरी



नई दिल्ली , केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सरकार के अंतरिम बजट से देश के विकास को गति मिलने और रोजगार के अवसर बढने् का दावा करते हुए कहा है कि यह बजट गांव, गरीब, मजदूर और किसान के कल्याण की सोच रखने वाला बजट है। अंतरिम केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को जो दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प ले रखा है, उसी के आधार पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट निर्यात को बढ़ाने वाला,उद्योग–व्यवसाय की तरक्की करने वाला और नए रोजगार पैदा करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर को सबसे ज्यादा प्राथमिकता मिली है और उनके मंत्रालय का भी बजट काफी बढ़ा है और निश्चित रूप से आने वाले समय में हमारे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े चार बड़े सेक्टरों झ्र रोड, रेलवे, एयरपोर्ट और पॉवर वर्ल्ड स्टैंडर्ड के बनेंगे।

## राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में ब्रिडकुल का योगदान महत्वपूर्ण : महाराज



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद से इस राज्य में अवस्थापना गतिविधियां निरंतर चल रही हैं। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ऑल वेदर रोड, एनसीआर से डबल लेन कनेक्टिविटी, केदार घाटी का विकास, बद्रीनाथ में विकास कार्य जैसी विभिन्न परियोजनाएं के साथ-साथ नदी घाटों का विकास आदि कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम चल रहा है। प्रदेश में रोपवे निर्माण की अपार संभावनाएं हैं और ब्रिडकुल इसमें नोडल एजेंसी के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उक्त बात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने ब्रिडकुल की स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को एक स्थानीय होटल में आयोजित सेमीनार में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि ब्रिडकुल आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। ब्रिजकुल की स्थापना वर्ष 2008 में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए की गई थी। यह निगम राज्य को अधोसंरचना विकास में सहयोग कर निरंतर आगे बढ़ रहा है। श्री महाराज ने कहा कि हम सभी को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उत्तराखंड के जल, जंगल और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में कैसे नई तकनीक का समावेश कैसे किया जा सकता है। कहा कि उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद से राज्य में अवस्थापना गतिविधियां निरंतर चल रही हैं।

## केंद्र का अंतरिम बजट गतिशील एवं विकासोन्मुखीः सीएम धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भारतवासियों के लिए एक गतिशील एवं विकासोन्मुखी बजट पेश किया है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आर्थिक महाशक्ति के साथ ही विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में यह अंतरिम बजट नई गति प्रदान करेगा। यह सर्वस्पर्शी बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचितों के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही प्रधानमंत्री जी के 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को मूर्त स्वरुप देने में सहायक सिद्ध होगा। समावेशी विकास के साथ ही यह बजट नए भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, कृषि, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों को नए आयाम प्रदान करेगा, जिसके द्वारा विकसित भारत @2047 के विजन को सार्थकता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी जी के संकल्प के अनुरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।



# राज्यपाल को दी जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भेंट कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक कपकोट, बागेश्वर सुरेश गड़िया सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# जहर खुरानी गिरोह का सरगना गिरफ्तार तीन ई रिक्शा बरामद



रुड़की। पुलिस ने ई–रिक्शा चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के तीन ई–रिक्शा बरामद किए। उसके दो फरार साथियों की तलाश की जा रही है। एसओ दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि कस्बा निवासी एहसान ने 23 सितंबर 2023 को तहरीर देकर बताया था कि उसका ई–रिक्शा बैंक के पास से चोरी हो गया है। इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार के साथ टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक कर संदिग्धों से पूछताछ की थी। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरधना कालन्द में भट्टे के पास दबिश दी।

दबिश में पुलिस ने मौके से तीन ई रिक्शा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बाबू निवासी शाहजहां कॉलोनी थाना लिसाड़ी गेट मेरठ हाल निवासी कालन्द के पास ने ई रिक्शा चोरी की बात कबूल की।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य सचिव को बधाई दी

देहरादून। प्रदेश की पहली मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को एएनएम संघ और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् के पदाधिकारियों ने बुके भेंट कर बधाई दी।

अध्यक्ष गुड्डी मट्डा, महासचिव हेमलता भंडारी ने कहा कि महिला मुख्य सचिव बनने से महिलाओं की मांगों पर जरूर अमल होगा।

यह प्रदेश के लिए गर्व का पल है, उन्हें उम्मीद है कि महिला स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों का जल्द निराकरण होगा। इस दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् के संरक्षक चौधरी ओमवीर सिंह, राकेश प्रसाद ममगाईं, चित्रा राणा आदि मौजूद रहे।

### मार्क्सवादी पार्टी पांच को करेगी विधानसभा कूच

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पांच फरवरी को विधानसभा कूच करेगी। सचिव अनंत आकाश ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों से राज्य की जनता त्रस्त है, सरकार मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बजाय जनता के वास्तविक मुद्दे से हटकर साम्प्रदायिकता फैलाकर जनता को बांटने का काम कर रही है। गरीब, अल्पसंख्यक और समाज के कमजोर वर्ग का उत्पीड़न किया जा रहा है।

### फर्जी आरसी पर 2.57 लाख में कार बेची

रुड़की। फर्जी कागजातों पर शहर के दो भाइयों ने षड्यंत्र रचकर एक व्यक्ति को कार बेच दी। पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। ढंडेरा के राजविहार निवासी अश्वनी कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ समय पूर्व युवराज सहदेव से मुलाकात हुई थी। उससे यूके 17 नंबर की कार 2.57 लाख में खरीदी थी। कार खरीदने के बाद कुछ समय बाद साहिल सहदेव उनके पास आया और बताया कि वह कार उसके नाम पर है। धोखाधड़ी का अहसास होने पर कार की आरसी चेक करा-ई। पता चला कि एक ही आरसी दो लोगों के नाम पर बनाई गई है। इनमें से एक फर्जी मालिक है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अभिनव शर्मा ने बताया कि फर्जी तरीके से कार बेचने के आरोप में युवराज सहदेव और साहिल सहदेव पुत्र प्रदीप कुमार निवासी अंबर तालाब के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 300 प्रमुख बीमारियों की दवाओं के लिए बार कोड हुआ अनिवार्य

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने नकली दवाओं से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए 300 प्रमुख बीमारियों की दवाओं के लिए बार कोड अनिवार्य कर दिया है। उत्तराखंड के औषधि विभाग ने बताया की राज्य में अब दवा कंपनियों को 300 दवाओं के रैपर पर बार कोड लगाना जरूरी होगा। अब यह दवाएं बार कोड के बिना नहीं बिक पाएंगी। ऐसा नहीं करने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि उत्तराखंड के सभी होलसेल और रिटेल मेडिकल स्टोर संचालक इन 300 दवाओं को बिना बार कोड के नहीं रख सकेंगे। जिनके पास यह दवाएं बिना बार कोड के हैं उन्हें वह दुकानों से हटानी होंगी। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि दवा दुकानों का निरीक्षण कर बिना बार कोड वाली दवाओं को सील कर दिया जाए। ताजबर जग्गी ने बताया कि सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को जिलों में इसके लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में 18 हजार के करीब होलसेल और रिटेल दवा कारोबारी हैं। इन सभी के लिए यह अनिवार्य किया गया है।



आम लोगों से नकली दवाओं की सूचना देने की अपील

औषधि नियंत्रक ने कहा कि दवा कारोबारियों के लिए बार कोड अनिवार्य करने के साथ ही आम लोगों से अपील की गई है की यदि कोई कारोबारी बिना बार कोड के दवा बेचते मिला तो उसकी जानकारी औषधि विभाग को दी जाए। सभी ड्रग इंस्पेक्टर को इसके लिए टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा गया है।

बार कोड स्कैन कर करें पहचान

ताजबर जग्गी ने बताया कि अब दवा स्टोर से दवाई खरीदते समय कोई भी व्यक्ति रैपर पर बने कोड को स्कैन कर सकता है। स्कैन करने के बाद इससे दवा बनाने वाली कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी मिल जाएगी। यदि ऐसा नहीं होता तो दवाई नकली हो सकती है। ऐसे में ग्राहक स्टोर संचालक से दवाई की हकीकत के बारे में जानकारी हासिल कर सकता है।

**कुछ प्रमुख दवाएं**

- एसिलॉक
- एम्मेटिन
- बीटाडिन
- बीकासोल्स कैप्सूल
- बेटनोविट क्रीम कॉलपोल
- कॉम्बिफ्लेम
- मोनटेर एलसी
- टेल्मा टैबलेट

### सीएम धामी तीन फरवरी को पौड़ी को देगें विकास की सौगात

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कंडोलिया मैदान पौड़ी में कल 3 फरवरी को दिशा ध्याणी थाला मेला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रतिभाग करेगें। इस दौरान सीएम विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। जिला प्रशासन ने सीएम के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि तीन फरवरी को कंडोलिया मैदान में ''दिशा ध्याणी थौला मेला'' कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रतिभाग करेगें। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में स्टॉल लगाये जायेगें। स्टॉल के माध्यम से आम जनमानस को लाभ/ऋण, सब्सिडी, आवास अनुदान डीबीटी, कृषि यंत्र आदि की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जायेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा जनता को संबोधन करने के साथ ही विभिन्न स्वरोजगारों से जुड़े लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सलेमपुर महदूद निवासी ललित पाटिल ने शिकायत कर बताया कि उसके पिता बलराम सलेमपुर चौक के पास खड़े होकर ई–रिक्शा का इंतजार कर रहे थे।

तभी कार चालक प्रिंस चौहान पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम रोहालकी किशनपुर थाना बहादराबाद ने उन्हें टक्कर मार दी। आरोप है कि कार तेज और लापरवाही से चालक चला रहा था। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। उन्हें एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां बीते 28 जनवरी को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने देर रात में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसकी पुष्टि कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने की है।

# उज्ज्वला योजना में सामने आया फर्जीवाड़ा

हरिद्वार। केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही उज्ज्वला योजना में फर्जीवाड़ा सामने आया है। ऐसे लोगों ने भी गलत दस्तावेज लगाकर मुफ्त कनेक्शन, सिलेंडर ले लिए और अब सब्सिडी का लाभ पा रहे हैं, जिनके पास दोपहिया, चार पहिया वाहन हैं। जबकि ऐसे लोग योजना के लिए पात्र नहीं हैं।

आपूर्ति विभाग द्वारा कराई जा रही ई–केवाईसी में इसका खुलासा हो रहा है। हरिद्वार जिले में करीब सवा लाख कनेक्शनों की जांच हो रही है। ई–केवाईसी और जांच के बाद जो परिवार अपात्र पाए जा रहे हैं, उनका कनेक्शन रद्द कर सब्सिडी बंद की जाएगी। अब तक एक हजार उपभोक्ता ऐसे पकड़ में आए हैं जिन्होंने फर्जीवाड़ा कर योजना का लाभ लिया।

उत्तराखंड में 4.5 लाख कनेक्शन भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अफसरों के मुताबिक प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत करीब 4.5 लाख कनेक्शन हैं। एक सिलेंडर पर सरकार 300 रुपये की सब्सिडी दे रही है। सामान्य लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर 922 रुपये में मिल रहा है। अब सरकार सभी गैस एजेंसियों पर उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं की ई–केवाईसी और जांच करा रही है। यह ई केवाईसी तीन साल बाद कराई जा रही है। 2016 में शुरू हुई थी योजना केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी।




हरिद्वार में ही उज्ज्वला योजना के 113431 गैस कनेक्शन हैं। इन उपभोक्ताओं को सरकार गैस सिलेंडर पर सब्सिडी जारी करती है, ताकि पात्र उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके। कई लोगों की हो चुकी मौत पुष्पक गैस एजेंसी के प्रबंधक राकेश सिंह के मुताबिक कई उपभोक्ताओं की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद भी कनेक्शन से गैस सप्लाई और सब्सिडी जारी हो रही है। पात्र उपभोक्ताओं का पता लगाने के लिए उपभोक्ताओं की जांच और ई केवाईसी की जा रही है।

# आईएचएमएस की छात्राओं ने जीजीआईसी कण्वघाटी की छात्राओं को बांटे सेनेटरी पैड

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की मैनेजमेंट की छात्राओं ने जीजीआईसी कण्वघाटी में जागरुकता कार्यक्रम चलाया। जिसमें उन्होंने कक्षा छठवीं से 12वीं तक की छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर जागरुक करते हुए उन्हें सेनेटरी पैड वितरित किए।

बुधवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत संस्थान की प्राध्यापक ममता के मार्गदर्शन में मैनेजमेंट कोर्स कर रही छात्राएं राजकीय बालिका इंटर कालेज कण्वघाटी पहुंचीं। वहां प्राध्यापक ममता ने विद्यालय की छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के अलावा आयरन की गोली का प्रयोग, एनीमिया के लक्षण, संतुलित आहार, अत्यधिक महावारी और यौन रोगों के कारण और उनके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं ने करीब 200 छात्राओं को सेनेटरी पैड के पैकेट वितरित किए। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने संस्थान की ओर से चलाए जा रहे जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता का पाठ विद्यालय स्तर से ही पढ़ाया जाना चाहिए, इस जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को बहुत कुछ जानने का अवसर मिला। उन्होंने कार्यक्रम के लिए आईएचएमएस का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. मंजू कपरवाण, शिक्षिका उषा रावत, शिवेत्री सिंह, बीना शर्मा, सुमनलता, विनीता जोशी, किरन जगरवाल, सावित्री रावत, हेमलता बडोला, अर्चना कंडवाल, भावना पांडे आदि मौजूद रहे।


आईएचएमएस की छात्राएं जीजीआईसी कण्वघाटी की छात्राओं को सेनेटरी पैड बांटते हुए।

## सट्टे की खाईबाड़ी करता हुआ एक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाइबाड़ी करते हुए एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान बुधवार देर सांय सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए आरोपी को पकड़ा। आरोपी के खिलाऊ जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार देर सांय को पुलिस टीम द्वारा मालन नदी पुल के पास मोटाढाक कोटद्वार से धर्म सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम शिवराजपुर मोटाढाक, थाना कोटद्वार पौडी गढवाल जुऐ की खाईबाडी करते हुये पकड़ा गया। आरोपी के पास से 2460/ रूपये, 02 सट्टा पर्ची व पेन बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोटद्वार में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल सतीश शर्मा आदि शामिल थे।

# छात्रा ने किया विद्यालय का नाम रोशन


राइका जयदेवपुर की छात्रा ज्योति कबडाल।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर की कक्षा आठ की छात्रा ज्योति कबडाल ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा में परचम लहराया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य शोबेन्द्र जोशी और ज्योति के गणित शिक्षक और मेंटोर राजीव शर्मा ने बताया कि 24 नवंबर 2023 को राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार मे सम्पन्न हुई राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा के अंतर्गत राज्य योग्यता परीक्षा, श्रीदेव सुमन छात्रवृत्ति में ज्योति कबडाल ने 102 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ज्योति की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 17 बाल वैज्ञानिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में जिले के 15 ब्लॉकों के 165 बाल वैज्ञानिकों ने नवाचार के साथ अपने माड्यूल का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विभिन्न ब्लॉकों के 17 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी दिनेश चंद्र गौड़ व जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा सावेद आलम ने सभी बाल वैज्ञानिकों के चयन पर खुशी जताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी है।

जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह रावत व प्रचार प्रसार सदस्य महेश गिरि ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में रिखणीखाल ब्लाक के राउमावि बमणगांव के विवेक कंडारी, जयहरीखाल ब्लाक के राइंका अधरियाखाल के अरूण, दुगड्डा के महादेव सरस्वती शिशु मंदिर जशोधपुर के शशांक रावत, थलीसैंण के जइंका धाधणखेत की हिमांशी, बीरोंखाल के राइंका फलसाड़ी के अनमोल सिंह, द्वारीखाल के राइंका चाक्यूसैंण की दीपाली तोमर, थलीसैंण के जइंका धाधणखेत के तरुण सिंह, द्वारीखाल के राकइंका थलनदी की आकांक्षा, एकेश्वर के राइंका नौगांवखाल के रोहित सिंह, थलीसैंण के राइंका स्योली तल्ली के पीयूष रावत, बीरोंखाल के राउमावि भमरईखाल के आयुष रावत, बीरोंखाल के राइंका बाडाडांडा की कशिश, द्वारीखाल के राइंका द्वारीखाल के आयुष कुमार, खिर्सू के भगवती मेमोरियल पब्लिक स्कूल श्रीनगर की कुमकुम उनियाल, बीरोंखाल के राइंका वेदीखाल की अंशिका, खिर्सू के रामाजूहा के आयुष और दुगड्डा के राउमावि मथाणा की सानिया का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में दीप्ति जगोडी, नवेंद्र नेगी व महेंद्र सिंह रौथाण ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## फसल के लिए वरदान बरसात

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार भाबर में बुधवार शाम को अचानक मौसम का मिजात बदला। गुरूवार सुबह करीब चार बजे रूक-रूक कर बारिश हुई। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। करीब चार माह बाद हुई बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। सर्दियों में पहली बारिश खेती, सब्जी उत्पादन के लिए वरदान मानी जा रही है। वहीं आसमान में धुंध भी हट रही है। पाले से भी निजात मिली है। किसानों को गेहूं के खेतों में पानी लगाना पड़ रहा था। काश्तकारों ने बताया कि रिमझिम बारिश खेतों के लिए वरदान है। गेहूं का दाना भी बड़ा होगा। फसल का उत्पादन बढ़ेगा।

# प्रधान संगठन ने की पंचायत कार्यकाल बढ़ाने की मांग

### प्रधान संगठन ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड कल्जीखाल के प्रधान संगठन अध्यक्ष के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष विस्तार किये जाने की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

प्रधान संगठन के ब्लांक अध्यक्ष रमेश चंद्र शाह ने बताया कि पंचायतों के गठन के बाद 2 वर्ष तक कोविड का प्रकोप रहा है, जिस कारण पंचायतों की सामान्य बैठक भी नहीं हो पाई है। कोविड काल में पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने पंचायतो को बचाने में मुख्य भूमिका निभाई है। इस दौरान पंचायतों के विकास कार्य दो वर्ष तक ठप रहे हैं और पंचायत अधिनियम के अनुसार अगर पंचायतों के सामान्य बैठक आहूत नहीं हुई तो उस कालखंड को कुल कार्यकाल से नहीं जोड़ा जा सकता है, जिससे पंचायतों का कार्यकाल दो वर्षों तक प्रभावित रहा है। इसलिए प्रदेश सरकार को पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष तक बढ़ाना चाहिए। खंड विकास अधिकारी कल्जीखाल गंगा प्रसाद लखेड़ा के माध्यम से भेजें गये ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार से दो वर्ष कार्य काल को विस्तार किये जाने की गुहार लगाई है।

ज्ञापन देने वालों में प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चंद्र शाह, संगठन उपाध्यक्ष एवं प्रधान मिरचौड़ा वीरेंद्र लाल, प्रधान ग्राम पंचायत थापला राकेश कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत बड़कोट नवीन कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत डांगी भगवान सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत अगरोड़ा कवेंद्र बिष्ट, प्रधान ग्राम पंचायत गुठिंडा विनीता चंदोला, प्रधान ग्राम पंचायत डांगू पूजा देवी, संगठन महामंत्री एवं प्रधान ग्राम पंचायत बिलखेत सुमित्रा देवी आदि शामिल थे।


प्रधान संगठन के सदस्य खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सीएम ज्ञापन भेजते हुए।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि उपनिरीक्षक प्रधुमन सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू 01 नफर वारण्टी बेनीराम पुत्र चुन्नी लाल निवासी गाड़ीघाट, कोटद्वार, जनपद पौडी गढ़वाल सम्बन्धित फौजदारी वाद संख्या 5095/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम जो काफी समय से फरार चल रहे थे, को उसके घर गाडीघाट कोटद्वार से गिरफ्तार कर हिरासत पुलिस लिया गया। वारण्टी उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में प्रधुमन नेगी, हेड कांस्टेबल करन यादव शामिल थे।

# अंतरिम बजट से कार्मिक निराश : सीताराम



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि कर्मचारियों को केंद्र सरकार के अंतरिम बजट से काफी उम्मीदें थी, लेकिन केंद्रीय अंतरिम बजट में केंद्र सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया उसमें कार्मिको की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन को महत्व नहीं दिया गया है, जिससे पूरे देश के कार्मिको निराश है।

उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कार्मिकों के बुढ़ापे से जुड़ा विषय है। लम्बे समय से इस मांग के लिए संघर्ष के बावजूद अभी तक केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक रुख न अपनाया जाना लोकसभा चुनाव में नुकसान कर सकता है, क्योंकि देश के कार्मिक आज के केंद्र सरकार द्वारा पेश अंतरिम बजट से निराश व उदास है।

# रूक-रूककर हुई बारिश, किसानों के चेहरे खिले

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुरुवार को सुबह से दिन तक रूक रूककर बारिश होती रही। बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। काफी समय से लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। जिले के चोरीखाल में हल्की बर्फबारी हुई। वहीं कई जगह ओले भी पड़े। गुरूवार सुबह से दिन तक रुक रुककर बारिश होती रही। लंबे समय से बारिश न होने के कारण धरती सूखी हो गई थी। बारिश न होने से खेती-बाड़ी को नुकसान होने के साथ ही नदियों, जलस्त्रोतों का जलस्तर भी घटता जा रहा था। दूसरी ओर सूखा पड़ने से जंगलों में भी आग लगने की घटनाएं बढ़ रही थी। बारिश होने से अब राहत मिली है। सुबह तक घने बादलों के साथ बारिश होने से दीवा व गुजडूगढ़ी की चोटियों पर ऊंचे स्थानों पर बर्फबारी की उम्मीद जगी थी, लेकिन दोपहर बाद बारिश बंद होने से फिलहाल बर्फबारी की संभावना धूमिल हो गई। सहायक कृषि अधिकारी विनोद पटवाल का कहना है कि सूखा पड़ने से रवि की फसल को भारी नुकसान हुआ है। बारिश होने से थोड़ा बहुत सुधार हो सकता है। वहीं, पौड़ी में भी सुबह से ही बारिश होती रही। जिले के चोरीखाल में हल्की बर्फबारी हुई।



## एक नजर

### उद्यमिता योजना के लिए 4 फरवरी तक करें पंजीकरण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण 4 फरवरी तक किया जा सकता है। ऑनलाइन पंजीकरण निःशुल्क हैं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम में 18 से 45 वर्ष आयु के कोई भी स्थानीय व्यक्ति, छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को उद्यमिता और स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना है। स्थानीय लोगों में उद्यमिता की भावना के विकास से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे बेरोजगारी व पलायन की समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को आधार कार्ड, उत्तराखंड निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और बैंक पासबुक दस्तावेजों की छायाप्रति लानी होगी।

### पांच लोकसभा सीटों पर भाजपा फिर लहरायेगी परचम : काला

श्रीनगर गढ़वाल : भारतीय जनता पार्टी के गढ़वाल लोकसभा चुनाव के प्रभारी पुष्कर सिंह काला ने कहा कि उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा एक बार फिर परचम लहरायेगी। गुरुवार को गढ़वाल लोक सभा के चुनावी कार्यालय अदिति स्मृति न्यास में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चुनाव प्रभारी काला ने कहा कि दस वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने विकास की सभी जनाकांक्षाओं को सफलता पूर्वक पूरा किया है। कहा कि पूर्व में भाजपा के संकल्प पत्र में जो भी घोषणाओं को रखा गया था उन्हें भाजपा ने पूरा करने का कार्य किया है। कहा कि भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर, तीन तलाक, धारा 370, गरीब कल्याणकारी योजना सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारकर हर वर्ग को लाभांवित करने का कार्य किया है। कहा कि भाजपा ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा के गढ़वाल लोकसभा सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी, गढ़वाल लोकसभा संयोजक विजय कप्रवाण, भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी आदि मौजूद थे।

### 31 छात्रों का करवाया यज्ञोपवीत

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर स्थित धर्मसम्राट स्वामी करपात्री महाराज वेदशास्त्रानुसंधान केंद्र की ओर से अग्निहोत्र, इष्टि और उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। पहली बार सामूहिक रूप से 31 छात्रों का यज्ञोपवीत किया गया।

वेद विभाग के प्राध्यापक डॉ. अंकुर वत्स के संयोजन में छात्रों ने पहले हवन कुंड बनाए। यजमान डॉ. ओंकार यशवंत रहे। 31 छात्रों का उपनयन संस्कार कराया गया। इस दौरान हवन भी किया गया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक डॉ. शैलेन्द्र प्रसाद उनियाल, डॉ. सूर्यमणि भंडारी, डॉ. अमंद मिश्र रहे। डॉ. वत्स ने बताया कि उपनयन संस्कार के लिए मास माघ की पंचमी तिथि को शुभ मुहूर्त था।

### मकान में लगी आग, परिवार ने बचाई भागकर जान

उत्तरकाशी : पुरोला के हुडोली ग्राम पंचायत के गैंडा गांव में बुधवार रात एक दो मंजिला आवासीय भवन में आग लग गई। सूचना पर पुरोला पुलिस और दमकल की टीम ने मौके पर पहुंची। टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भवन और उसमें रखा जरूरत का सामान जलकर राख हो चुका था। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार रात आठ बजे अरविंद राणा व उपेंद्र राणा के ग्राम पंचायत हुडोली के गैंडा गांव स्थित दो मंजिला आवासीय भवन में अचानक आग लग गई।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली सभी नोडल अधिकारियों की बैठक



चमोली : जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने निर्वाचन व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने नामित सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को अपने दायित्वों का त्रुटिरहित निर्वहन करने और आदर्श आचार संहित का पूर्णतः परिपालन सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को समयानुसार पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्वों से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का भलीभांति अध्ययन कर लें। विगत निर्वाचन की व्यवस्थाओं में जो कमियां सामने आई है, उसको दूर किया जाए। लोकसभा चुनाव के सफल संपादन हेतु शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण, पोलिंग पार्टियों का रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, सामान का रेट चार्ट, टेंट, वेरिकेटिंग, जलपान, भोजन आदि व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया समय से सुनिश्चित की जाए। शेडो एरिया वाले मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जाए। लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, व्यय लेखा एवं निगरानी व व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर, डाक मतपत्र प्रेषण, लेखन सामग्री, प्रपत्र, हेल्थ किट, वोटर स्लिप, वीडियोग्राफी आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। राजनीतिक दलों के साथ समय समय पर बैठक करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया जाए।

## चमोली जिपं अध्यक्ष की बहाली पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशी



चमोली : चमोली की जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी की पद बहाली के आदेश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिपं अध्यक्ष पर रजनी भंडारी की न्यायालय के आदेश पर बहाली को न्याय और सत्य की जीत बताया। न्यायालय के आदेश का सम्मान कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी समेत पूरे चमोली जनपद की जनता को न्याय पर भरोसा था और सदैव रहेगा। चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर रजनी भंडारी की बहाली पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोपेश्वर में जुलूस निकालकर खुशी जताई और आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रजनी भंडारी की जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर बहाली को सत्य और न्याय की जीत बताया। इस अवसर पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सजवाण, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, पीसीसी सदस्य प्रमोद बिष्ट, युद्धवीर बर्त्वाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष महिला उमा रावत, ओमप्रकाश नेगी, धीरेन्द्र गरोडिया, संदीप खनेड़ा, राजेंद्र रावत, वीरेंद्र बर्त्वाल, शम्भूलाल, जयवीर सिंह, अंजू राणा, रवीन्द्र बर्त्वाल समेत बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

### महाविद्यालय तलवाड़ी में कार्यक्रम पांच से

चमोली : देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में 05 फरवरी 2024 से शुरू होने जा रहे हैं। 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद एवं उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। देवभूमि उद्यमिता योजना के महाविद्यालय नोडल डॉ. शंकर राम ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमिता, व्यवसाय फंडिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, उद्यमिता विकास, स्टार्टअप, देवभूमि उद्यमिता योजना और इसके प्रभावीकरण पर उद्यमिता के क्षेत्र में विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में आयोजित होने जा रहा यह 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। (एजेंसी)

## नेत्र रोग के इलाज के लिए अब नहीं लगाने होंगे दूर-दराज शहरों के चक्कर



चमोली : चमोली जिला अस्पताल में आंखों के इलाज के लिए अब अत्याधुनिक सुविधाएं हो गई है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने आंखों के उपचार के लिए जिला अस्पताल को अत्याधुनिक ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप और याग लेजर मशीन उपलब्ध करा दी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को जिला अस्पताल में इन मशीनों का शुभारंभ करते हुए बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा जिला अस्पताल को नेत्र रोग के इलाज में सहायक अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई गई है, जो निश्चित रूप से सीमांत जनपद के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में आईसीआईसीआई फाउंडेशन की प्रशंसा करते हुए सीमांत क्षेत्रों में शिक्षा को भी आगे बढ़ाने में फाउंडेशन से सहयोग की अपेक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों एसएमएस से लैब टेस्ट रिपोर्ट भेजने हेतु जिला अस्पताल द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर का उद्घाटन भी किया। इस सॉफ्टवेयर से मरीजों को लैब टेस्ट की रिपोर्ट सीधे उनके मोबाइल फोन पर उपलब्ध होगी। इस अवसर पर आईसीआईसीआई फाउंडेशन के समन्वय सुधीर जैन, एसीएमओ डॉ. अभिषेक गुप्ता, पीएमएस डॉ अनुराग धनिक, पैथोलॉजिस्ट डॉ यशोदा पाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ निर्मल प्रसाद, डॉ स्वाति शर्मा, नेत्र रोह सहायक शिवसिंह राणा आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

### आंखों के इलाज में याग लेजर मशीन और ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप मशीनें उपयोगी

जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने बताया कि आंख में मोतियाबिंद हटाने के कुछ महीनों बाद लेंस के पीछे झिल्ली बन जाती है। इस झिल्ली को हटाने के लिए लोगों को दूरदराज शहरों में जाना पडता था। लेकिन अब याग लेजर मशीन लग जाने से इसका उपचार अब जिला अस्पताल में ही हो सकेगा। इससे नेत्र रोगियों का समय की बचत के साथ खर्च भी कम होगा।

## पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने के लिए दिया ज्ञापन



चमोली : गैरसैंण के पंचायत प्रतिनिधियों ने गुरुवार को ब्लॉक के एबीडीओ हेमंत गिरी गोस्वामी एवं तहसील के नायब तहसीलदार राकेश पल्लव के माध्यम से उनका कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने के लिए शासन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौपा। प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव गोवर्धन प्रसाद बरमोला का कहना है कि दो वर्ष कोरोना महामारी के कारण पंचायतों में विकास कार्य पूर्ण रूप से ठप पड़ गये थे। जिसके मध्यनजर अब पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाना आवश्यक है, ताकि विकास की पटरी लाइन पर आ सके। बताया कि इस बावत गत दिन देहरादून में पंचायत राज मंत्री सतपाल महाराज से भी सकारात्मक वार्ता हुई है। कहा कि यदि सरकार उनकी मांग नही मानती है तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक प्रधान संगठन के अध्यक्ष पान सिंह नेगी, प्रधान रेवती बिष्ट, कमला नेगी, आशा देवी, मानसी देवी, सीता देवी, मंजू पटवाल, धर्म सिंह, क्षेपंस नवीन बहुगुणा आदि कई पंचायत प्रतिनिधि थे। (एजेंसी)

### प्रधान संगठन ने की पंचायत कार्यकाल बढ़ाने की मांग

चमोली : पंचायतों का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाए जाने एवं एक राज्य एक चुनाव के फार्मूले को लागू करने की मांग प्रधान संगठन ने की है। संगठन ने थराली में खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायतों का गठन 2019 से हुआ था। लेकिन पूरे विश्व सहित उत्तरखण्ड भी कोविड के प्रकोप से प्रभावित रहा है। दो वर्षों तक पंचायतों की सामान्य बैठक तक कोविड के कारण नहीं हो पाई। जिस कारण पंचायतों का कामकाज भी प्रभावित रहा। पंचायतें अपना कामकाज नहीं कर पाई, इसलिए अब पंचायत के कार्यकाल को 2 वर्ष बढ़ाया जाना नितांत आवश्यक है।

# सम्पादकीय

## आत्मनिर्भरता पर केंद्रित अंतरिम बजट

जैसा कि पूर्वानुमान लगाया गया था देश का अंतरिम बजट ठीक वैसा ही पेश किया गया। पूरा देश केंद्र सरकार के अंतिम बजट पर निगाहें लगाए बैठा था, और यही कारण है कि इस बार के बजट में मुख्य तौर पर महिलाओं और किसानों के साथ साथ युवा वर्ग के हितों को समाहित किया गया है। बजट में आवास, रोजगार, किसान एवम महिलाएं को आत्मनिर्भर बनाने पर अधिक फोकस किया गया है, बनिस्पत लुभावने सपने दिखाने के ।रही बात इनकम टैक्स में टैक्स छूट को बढ़ाने की, तो यह पहले ही निश्चित हो चुका था कि अंतरिम बजट में सरकार ना तो इनकम टैक्स में अधिक छूट देने वाली है और ना ही किसी ने टैक्स का ऐलान किया जाएगा,अंततः किसी नए टैक्स का या टैक्स स्लैब में बदलाव का ऐलान नहीं किया। आयात शुल्क सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए समान कर दरों को बनाए रखा गया है जबकि गत बजट में ही न्यू टैक्स रिजीम के लिए टैक्स में छूट की सीमा को 7 लाख कर दिया गया था लेकिन इस बजट में इनकम टैक्स देने वालों को कोई राहत नहीं मिली। अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना "लखपति दीदी" का लक्ष्य बढ़ाकर 2 करोड़ से 3 करोड़ कर दिया गया है। योजना के तहत अब तक एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट में इस योजना के लक्ष्य को खास स्थान दिया गया है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए लगातार गरीबों को घर मुहैया कराए जा रहे हैं। बजट में ऐसे लोग जिनके पास आवास नहीं हैं उन्हें लक्ष्य के अनुसार अगले 5 साल में 2 करोड़ लोगों को और घर मिलेंगे. एक करोड़ गरीबों के घरों में सोलर पैनल के जरिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली पहुंचाई जाएगी। यह तो पहले ही स्पष्ट हो चुका था कि मोदी सरकार इस बार के बजट में ना तो आम जनता पर कोई टैक्स ठोकने वाली है और ना ही टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन करेगी। बजट को जिस प्रकार से पेश किया गया है उसमें खास तौर से ऐसे तबके का ध्यान रखा गया है जो मेहनतकश होने के साथ–साथ देश के अन्नदाता एवं बेहद अल्प आय वाले हैं। उम्मीद की जा रही थी कि बजट में सरकार आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए कुछ लुभावनी बातें पेश कर सकती है लेकिन पूरे बजट में जिस प्रकार की इच्छा शक्ति सरकार ने दिखाई है उससे यह साफ होता है कि सरकार लोग लुभावने सपने दिखाने से ज्यादा ऐसी योजनाएं लाकर लोगों को लाभान्वित करना चाहती है जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके।

## रोज़ 1 घंटे जुंबा को बना लें अपना रूटीन, फिर देखें कमाल, डांस और मस्ती के साथ तेजी से घटेगा वजन

जुंबा एक्सरसाइज फुल बॉडी एक्टिविटी में आती है. यह ऐसी फन एक्सरसाइज है, जो न सिर्फ शरीर को फिट रखती है, बल्कि मेल–जोल का मौका भी बढ़ाती हैं.

अगर आप जिम नहीं जा पा रहे हैं और वजन तेजी से बढ़ रहा है तो जुंबा डांस से वेट लॉस कर सकते हैं. आजकल इसका ट्रेंड तेजी से चल रहा है. जिसके कई फायदे हैं.

दरअसल, जुंबा ऐसी फिजिकल एक्टिविटी है जो वजन कम करने में मदद कर सकता है. इसके करने से मोटापा कम होता है और शरीर कई बीमारियों से बच जाता है. ऐसे में आइए जानते हैं जुंबा करने के क्या–क्या फायदे हैं.

फैट बर्न करने में मददगारः वजन कम करना चाहते हैं तो सबसे पहले ज्यादा से ज्यादा कैलोरी बर्न करने की जरूरत है. जुंबा करने से एक बार में 600 से 1000 कैलोरी कम हो सकती है. ऐसा इसलिए क्योंकि यह फास्ट और स्लो एक्सरसाइज का कॉम्बिनेशन है जो शरीर से तेजी से फैट बर्न करती है.

फुल बॉडी एक्टिविटीः जुंबा में सिर से लेकर गर्दन तक, कंधों से लेकर जांघों तक, कमर से तलवों और टखनों तक शरीर की हर मांसपेशियां आ जाती हैं. इससे शरीर का तालमेल बना रहता है और अच्छी तरह वर्कआउट होता है. जिससे इसे फुल बॉडी एक्टिविटी माना जाता है.

जुंबा फन वर्कआउटः जुंबा को फन वर्कआउट माना जाता है. यही वजह है कि शरीर को शेप में लाने के लिए किसी भी दूसरे डांस स्टाइल की बजाय जुंबा ज्यादा पसंद किया जाता है. इसके साथ ही यह मेलजोल बढ़ाने और नए लोगों से मिलने का भी अच्छा चांस देता है.

हेल्दी रखने में मददगारः जुंबा कैलोरी को बर्न तो करती ही है मसल्स को बनाने में भी मदद कर सकते हैं. यह मसल्स को फ्लैक्सिबल बनाने और दिल को हेल्दी रखने का काम करता है. इसके साथ ही डायबिटीज और दिल की बीमारियों से भी दूर रखता है. इसलिए जुंबा डांस और एक्सरसाइज संपूर्ण सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है.

# भाजपा की चुनाव पूर्व रणनीति

**अजीत द्विवेदी**




भारतीय जनता पार्टी की चुनाव पूर्व रणनीति कामयाब होती दिख रही है। हालांकि चुनाव पूर्व रणनीति की कामयाबी इस बात की गारंटी नहीं होती है कि पार्टी चुनाव जीत जाएगी। लेकिन इससे नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में एक सकारात्मक संदेश जाता है। महज छह महीने पहले विपक्षी गठबंधन के बारे में सकारात्मक संदेश बना था। जब विपक्षी पार्टियां एकजुट हुई थीं और एक के बाद एक चार बैठकें हुईं और यह प्रचार हुआ कि भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार होगा तो मनोवैज्ञानिक स्तर पर देश के मतदाताओं में एक बड़ा संदेश गया था। विपक्ष के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी धारणा के स्तर पर सकारात्मक स्थिति बनी थी। ठीक वैसी ही स्थिति अब भाजपा और उसके गठबंधन को लेकर बन रही है। छह महीने पहले विपक्ष की जो स्थिति थी उससे भाजपा में चिंता बढ़ी थी। अब उसने टेबल टर्न कर दिया है। उसने ऐसी राजनीति की है, जिससे धारणा बदल गई है। भाजपा ने विपक्ष के गेम प्लान को पंक्चर करने के लिए पहले उसके मुकाबले ज्यादा बड़ा गठबंधन बनाने का फैसला किया था। तभी जुलाई में भाजपा ने 38 पार्टियों के साथ एनडीए की बैठक की। लेकिन जल्दी ही उसको समझ में आ गया कि आकार में विपक्ष से बड़ा गठबंधन बनाना अच्छी रणनीति नहीं होगी। इसलिए उसने अपना आकार बढ़ाने की बजाय विपक्षी गठबंधन का आकार छोटा करना शुरू कर दिया। उसने विपक्ष को कमजोर करने की राजनीति की। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से हिंदू पुनरुत्थान का नैरेटिव बनाने के बाद भी भाजपा ने राज्यों में अपनी राजनीतिक कमजोरियों को दूर करने का प्रयास किया।

भाजपा की चुनाव पूर्व रणनीति की कामयाबी में दो बातें अहम हैं। पहली बात तो यह कि उसने अपनी कमजोरी और विपक्षी गठबंधन की ताकत को पहचाना और दूसरी बात यह कि अपनी कमजोरी को दूर करने के लिए साम, दाम, दंड और भेद सभी उपायों का इस्तेमाल किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर जून से अगस्त के बीच विपक्षी गठबंधन ने जैसी एकता दिखाई थी उससे भाजपा को अपनी कमजोरी का अहसास हुआ। भाजपा की कमजोरी दो स्तर पर थी। पहला, सामाजिक समीकरण और दूसरा विपक्षी गठबंधन की पार्टियों के मजबूत असर वाले राज्यों में उसका कमजोर होना। अगर किसी पार्टी को अपनी कमजोरी का पता चल जाए तो उसे दूर करना बहुत आसान हो जाता है। सो, भाजपा ने अपनी इन दोनों कमजोरियों को पहचाना। उसने उन राज्यों की पहचान की, जहां विपक्षी गठबंधन उसको नुकसान पहुंचा सकता था और उन राज्यों में अपने को मजबूत करने और साथ साथ विपक्ष को कमजोर करने का भरपूर प्रयास किया। भाजपा का यह प्रयास काफी हद तक कामयाब हो गया।हकीकत यह है कि भाजपा को इसमें ज्यादा प्रयास करने की जरुरत ही नहीं पड़ी। विपक्षी गठबंधन की फॉल्टलाइन पहले से सबको पता थी और साथ ही गठबंधन की केंद्रीय पार्टी यानी कांग्रेस के काम करने का तरीका भी भाजपा को पता था। भाजपा को पता था कि कांग्रेस फैसला करने में बहुत देरी करेगी और कांग्रेस ने सचमुच देरी की, जिसका फायदा भाजपा ने उठाया। लेकिन उसको ज्यादा फायदा विपक्षी पार्टियों की आंतरिक राजनीति और आपस के पारंपरिक टकराव से हुआ। भाजपा को अजित पवार की महत्वाकांक्षा का पता था और उनकी मजबूरियों को भी पता था। इसलिए भाजपा ने उनके ऊपर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को बड़ी सुविधाजनक तरीके से भुला दिया और उनको उप मुख्यमंत्री बना दिया। उनको खुश करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का रुख चाचा शरद पवार के साथ रह गए परिवार के दूसरे लोगों की ओर कर दिया गया। अजित पवार और उनके बेटे पार्थ के प्रतिद्वंद्वी के तौर पर उभर रहे शरद पवार के पोते रोहित पवार के यहां अब केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई चल रही है। महाराष्ट्र में भाजपा पहले ही शिव सेना को तोड़ चुकी थी और विपक्षी गठबंधन की एकता बनने के बाद एनसीपी को भी तोड़ दिया। सो, 48 लोकसभा सीट वाले राज्य में भाजपा भले अभी बहुत मजबूत हो गई नहीं दिख रही हो लेकिन उसने विपक्ष को कमजोर कर दिया।महाराष्ट्र के बाद उसके लिए दूसरा कमजोर राज्य कर्नाटक था, जहां विधानसभा चुनाव में वोक्कालिगा वोट कांग्रेस की ओर जाने से भाजपा और एचडी देवगौड़ा की पार्टी जेडीएस दोनों को नुकसान हुआ था। सो, भाजपा ने दुश्मन के दुश्मन को दोस्त बना लिया। डीके शिवकुमार की वजह से वोक्कालिगा वोट पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए एचडी देवगौड़ा ने भाजपा के साथ तालमेल कर लिया। हालांकि तब भी यह नहीं कहा जा सकता है कि भाजपा और जेडीएस राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से अपनी 27 सीटें बचा लेंगे लेकिन वहां अपने को मजबूत करके भाजपा ने नुकसान कम करने का प्रयास किया है।

कर्नाटक के बाद तीसरा राज्य बिहार था, जहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास शुरू किया था और कामयाब हुए थे। भाजपा को नीतीश की महत्वाकांक्षा और गठबंधन के अंदर की खींचतान का अंदाजा था। सो, उसने जबरदस्त रणनीतिक लचीलापन दिखाते हुए नीतीश कुमार से फिर तालमेल कर लिया। नीतीश को मुख्यमंत्री बनाए रखते हुए उनकी पार्टी जनता दल यू की एनडीए में वापसी कराई गई। जरुरत पडने पर घनघोर राजनीतिक व वैचारिक दुश्मन को भी साथ जोडने के लिए जिस उच्च स्तर का लचीलापन होना चाहिए वह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिखाया। उसका नतीजा यह हुआ कि बिहार में, जहां एनडीए को सबसे ज्यादा नुकसान की संभावना दिख रही थी वह लगभग खत्म हो गई। नीतीश कुमार के भाजपा के साथ लौट जाने से बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर सामाजिक व राजनीतिक समीकरण एनडीए के पक्ष में हो गया तो साथ ही पूरे देश में विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्ण के बिखरने का संदेश चला गया। बिहार के बाद झारखंड में एक मजबूत गठबंधन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास चल रहा है।

भाजपा के लिए मुश्किल राज्यों में एक पश्चिम बंगाल भी है, जहां पिछली बार भाजपा को छप्पर फाड़ सीटें मिली थीं। उसने 42 में से 18 सीटें जीत ली थीं और उसके बाद विधानसभा चुनाव में भी उसने अपना वोट आधार कायम रखा था। वहां भी विपक्षी पार्टियों का गठबंधन होने की संभावना कम ही दिख रही है। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व का राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ टकराव और वामपंथी पार्टियों के साथ संघर्ष के पुराने इतिहास की वजह से विपक्षी एकजुटता की संभावना काफी कम है। उत्तर प्रदेश में भाजपा को इस बात की आशंका थी कि अगर पिछली बार की तरह बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच तालमेल हो गया तो उसको नुकसान हो सकता है। लेकिन मायावती ने अपने जन्मदिन के मौके पर यानी 15 जनवरी को ऐलान कर दिया कि वे अकेले चुनाव लड़ेंगी तो भाजपा के रास्ते की एक बड़ी बाधा टल गई। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में विपक्षी एकता नहीं बनने के पीछे भाजपा या केंद्र सरकार की कोई रणनीति रही है लेकिन दोनों राज्यों के राजनीतिक घटनाक्रम की एकमात्र लाभार्थी भाजपा ही है।

# जातीय टकराव की ओर?

महाराष्ट्र में जातीय तनाव की आशंका फिर सुलग उठी है। दरअसल, जिन मुश्किलों की वजह कृषि का अलाभकारी होना, रोजगार का अभाव और शिक्षा का गिरता स्तर है, उनका हल कहीं और ढूंढने की कोशिश ऐसी ही स्थिति को जन्म दे सकती है।

यह तो साफ है कि आरक्षण अब सामाजिक न्याय या पिछड़े तबकों के लिए प्रगति का रास्ता खोलने वाली नीति से ज्यादा एक भावनात्मक और प्रतीकात्मक मुद्दा रह गया है।

जब ऐतिहासिक रूप से जातीय आधार पर वंचित ना रहे तबके भी आरक्षण मांगने लगें और सरकारें उस मांग को स्वीकार भी करने लगें, तो यही कहा जाएगा कि आरक्षण वोट बैंक के आधार पर सौदेबाजी का एक जरिया बन गया है। वरना, महाराष्ट्र में राजनीति से लेकर विभिन्न सामाजिक स्तरों पर दबदबा रखने वाले मराठा समुदाय के आरक्षण की मांग को स्वीकार करने के लिए कृत्रिम आधार तैयार नहीं किया जाता– खासकर उस हाल में जब इससे संबंधित एक निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था।

बहरहाल, महाराष्ट्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने इस समुदाय को आरक्षण देने का रास्ता जैसे–तैसे ढूंढ लिया है। फैसला हुआ कि न सिर्फ ओबीसी श्रेणी में शामिल इस समुदाय के कुनबी कहे जाने वाले हिस्से को आरक्षण दिया जाए, बल्कि उन लोगों को भी यह लाभ मिले, जिनसे इस समूह के लोगों के खून के रिश्ते बने हैं।

इस तरह आरक्षण से लाभान्वित होने वाले मराठा परिवारों की संख्या काफी बढ़ जाएगी। मगर इस निर्णय से ओबीसी नेता खफा हो गए हैं। यहां तक कि महाराष्ट्र में मंत्री छगन भुजबल और केंद्र में मंत्री नारायण राणे ने अपने ही गठबंधन की राज्य सरकार पर हमला बोल दिया है। ओबीसी नेताओं ने तीन फरवरी को ओबीसी महारैली करने का एलान किया है। इन नेताओं की शिकायत है कि राज्य सरकार के ताजा फैसले से ओबीसी कोटे के आरक्षण में मराठा सेंध लगा लेंगे। उधर मराठा आरक्षण की मांग का चेहरा बन कर उभरे जरांगे पाटील ने घोषणा कर रखी है कि जब तक राज्य सरकार के ताजा निर्णय पर अमल शुरू नहीं हो जाता, वे आंदोलन जारी रखेंगे। इस तरह राज्य में जातीय तनाव और टकराव की आशंका फिर से सुलग उठी है। दरअसल, जिन मुश्किलों की वजह कृषि का अलाभकारी होना, रोजगार का अभाव और शिक्षा का गिरता स्तर है, उनका हल कहीं और ढूंढने की कोशिश ऐसी ही स्थिति को जन्म दे सकती है।

# भारत में इस तरह देख सकते हैं श्रीलंका–अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट का प्रसारण और स्ट्रीमिंग

नई दिल्ली। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच शुक्रवार से एकमात्र टेस्ट मैच कोलंबो के सिंहलिस स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगा। श्रीलंका इस टेस्ट के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा। श्रीलंका का टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे साल की शुरुआत में अपने घर में पाकिस्तान के हाथों 0–2 की शिकस्त सहनी पड़ी थी।

श्रीलंका के पास अफगानिस्तान से भिड़ने के लिए मजबूत स्क्वाड है। श्रीलंकाई टीम की कमान अनुभवी धनंजय डी सिल्वा संभालेंगे जबकि दिमुथ करुणारत्ने, एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चंडीमल भी स्क्वाड का हिस्सा हैं। श्रीलंका ने तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों– लाहिरू उडारा, चमिका गुणासेकरा और मिलन रतनायके को स्क्वाड में जोड़ा है।वहीं अफगानिस्तान की टीम टेस्ट क्रिकेट में अपने पैर पसारने में जुटी हुई है। अफगानिस्तान ने अब तक कुल 7 टेस्ट खेले, जिसमें उसे 6 में शिकस्त का सामना



करना पड़ा है। उसने एकमात्र जीत जिंबाब्वे को हराकर हासिल की। अफगानिस्तान की टीम को अपने प्रमुख लेग स्पिनर राशिद खान की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो पीठ की चोट से उबरने में जुटे हुए हैं।

अफगानिस्तान की कप्तानी हाशमतुल्लाह शाहिदी करेंगे जबकि इब्राहिम जदरान और रहमत शाह जैसे प्रतिभाशाली नाम स्क्वाड में जुड़े हुए हैं। अफगानिस्तान ने अपना आखिरी टेस्ट मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेला थ, जहां उसे 546 रन की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

चलिए आपको बताते हैं श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट का लाइव प्रसारण और स्ट्रीमिंग आप कब, कहां और कैसे देख सकते हैं।

# पंजाब फुटबॉल क्लब ने तीन नए अनुबंधों के आगमन की घोषणा की

मोहाली , पंजाब फुटबॉल क्लब (एफसी) ने टीम में तीन नए अनुबंधों के आने की घोषणा की है। फॉरवर्ड बिद्यासागर सिंह, विंगर ब्राइस मिरांडा और मिडफील्डर इसाक वनमालवामा। 25 वर्षीय फारवर्ड बिद्यासागर सिंह स्थायी स्थानांतरण पर केरला ब्लास्टर्स एफसी से टीम में शामिल हुए हैं।सिंह ने अपने करियर की शुरुआत ईस्ट बंगाल एफसी से की और फिर बाद में आई–लीग में टीआरएयू एफसी में चले गए जहां उन्होंने 2020–21 सीजन् को 12 गोल के साथ सर्वोच्च गोल स्कोरर के रूप में समाप्त किया। उन्होंने अब तक इंडियन सुपर लीग में 10 प्रदर्शन किए हैं और सीजन् के शेष मैचों के लिए वह शेर्स की टीम में एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त खिलाड़ी होंगे।

विंगर ब्राइस मिरांडा शेष सीजन् के लिए केरला ब्लास्टर्स एफसी से ऋण पर पंजाब एफसी में शामिल हुए। 24 वर्षीय पेसी विंगर आई–लीग में चर्चिल ब्रदर्स एफसी के साथ अपने समय से सुर्खियों में आए और केरल ब्लास्टर्स में जाने के बाद, जहां उन्होंने 12 मैचों में भाग लिया और इंडियन सुपर लीग में दो सहायता प्रदान की।

इसहाक वनलालसावमा, जो ओडिशा एफसी से पंजाब एफसी में शामिल हुए हैं। उन्होंने आई–लीग में शिलांग लाजोंग एफसी के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की, जहां उन्होंने दो सीजन् के दौरान तीन गोल किए। इसके बाद वह इंडियन सुपर लीग में चले गए और अब तक 90 मैचों में तीन गोल किए और पांच सहायता प्रदान की है। वह ओडिशा एफसी टीम का भी हिस्सा थे जिसने केरल में 2023 सुपर कप जीता था।

नए अनुबंधों के बारे में पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, जनवरी ट्रांसफर विंडो और लंबे ब्रेक ने हमें इन तीन अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में लाने के लिए पर्याप्त समय दिया।

## सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर को 136 रन से हराया, कनिष्क ने ठोका पहला शतक



झुंझुनूं , नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर को 136 रन से, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत ने गीतांजलि यूनिवर्सिटी जयपुर को 114 रन से और जेआरआरएस यूनिवर्सिटी जयपुर ने डिस्ट्रिक्ट मुरथल को 99 रन से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं कैम्पस में चल रहे नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच परिणाम की जानकारी देते हुए टूर्नामेंट आयोजन सचिव डॉ अरुण कुमार ने बताया कि सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर को 136 रन से मात दी। उन्होंने बताया कि चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। कनिष्क ने टूनामेंट का पहला शतक जडते हुए शानदार 107 रन बनाए और टीम का स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 165 रन पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर की टीम 10.2 ओवर में महज 29 रन पर सिमट गई और मैच 136 रन से हार गई। सीडीएलयू सिरसा की ओर से सुशील ने 1.2 ओवर में बिना कोई रन दिए 4 विकेट लिए, जबकि आदित्य ने 2 ओवर में 4 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

**ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी ने गीतांजलि को 114 रन से हराया:**

ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट खोकर 189 रन का स्कोर खडा किया। वंश तिवारी ने 59 गेंदों का सामना करते हुए 7 चौके व 6 छक्के की मदद से शानदार 98 रन बनाए, जबकि पुलकित महाजन ने 31 रन और सिधांत ने 30 रन की उपयोगी पारी खेली। बडे लक्ष्य का पीछा करने उतरी गीतांजलि यूनिवर्सिटी जयपुर की टीम 16.1 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट हो गई और 114 रन से मैच हार गई। कार्तिक ने 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट और अनुज ने 3 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि गीतांजलि यूनिवर्सिटी की तरफ से यथार्थ 24 रन बनाने में सफल रहे।

**जेआरआरएस यूनिवर्सिटी ने डिस्ट्रिक्ट मुरथल को 99 रन से हराया:**

जेआरआर संस्कृत यूनिवर्सिटी जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पवन स्वामी के 43 रन और मनीष टाक के 36 रन की बदौलत 9 विकेट खोकर 172 रन का लक्ष्य खडा किया।

दीनबंधु छेटूराम यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नालॉजी सोनीपत की ओर से मयंक ने 4 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट और शिवम ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट चटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिस्ट्रिक्ट युनिसिटी मुरथल की टीम 17.3 ओवर में 73 रन के स्कोर पर ही ऑल आउट होकर मैच 99 रन से हार गई।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स : महाराष्ट्र ने ओवरऑल चैंपियनशिप बरकरार रखी

चेन्नई यहां के एसडीएटी एक्वेटिक कॉम्प्लेक्स में छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तेलंगाना की वृत्ति अग्रवाल ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीतकर खेल का समापन किया, जबकि महाराष्ट्र ने एक और प्रभाव-शाली प्रदर्शन के साथ समग्र चैंपियनशिप ट्रॉफी बरकरार रखी। पदकों में शीर्ष स्थान पहले से ही सुनिश्चित होने के साथ तैराक ऋषभ दास ने पहले लडकों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता और फिर 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में महाराष्ट्र चौकड़ी का नेतृत्व करते हुए राज्य की स्वर्ण पदक तालिका में सबसे आगे रहे।

महाराष्ट्र ने 57 स्वर्ण, 48 रजत और 53 कांस्य सहित कुल 156 पदकों के साथ अपना अभियान पूरा किया, वह मेजबान तमिलनाडु से आगे रहा, जिसने अंतिम दिन तीन स्वर्ण जोड़े, 38 स्वर्ण, 21 रजत और 39 कांस्य के साथ समाप्त किया और अपना सर्वश्रेष्ठ दर्ज किया।

हरियाणा पहली बार शीर्ष दो स्थानों से बाहर हो गया और 35 स्वर्ण, 22 रजत और 46 कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली (13जी, 18एस, 25बी) अपने बेहतर रजत और कांस्य पदक की बदौलत राजस्थान (13जी, 17एस, 17बी) से आगे रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन केवल फुटबॉल, टेनिस, टेबल टेनिस और तैराकी पदक दांव पर होने के कारण सभी की निगाहें एसडीएटी एक्वेटिक कॉम्प्लेक्स की कार्रवाई पर थीं, यह देखने के लिए कि कौन सा तैराक खेलों का सबसे सफल एथलीट होने का दावा पेश करेगा।वृत्ति ने अपनी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पांच स्वर्ण पदक जीतकर ऑल–विन रिकॉर्ड कायम किया।






उन्होंने बुधवार को पहली बार 2:22.89 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीता, और दूसरे स्थान पर रहीं कर्नाटक की रितिका महेश बैंगलोर से लगभग चार सेकंड आगे रहीं। 17 वर्षीय वृत्ति ने 2022 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, फिर 17:59.51 सेकेंड के समय के साथ 1500 मीटर फ्रीस्टाइल का ताज हासिल करने के लिए वापस आईं। कर्नाटक की अदिति मुले (18:12.77 सेकेंड) और श्री चरणी तुमु (18:17.85 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

राजस्थान के युग चेलानी के पास भी पांच स्वर्ण पदक के साथ समापन करने का मौका था, लेकिन वह लडकों की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में कर्नाटक के एस. धनुष के बाद दूसरे स्थान पर रहे और चार स्वर्ण व एक रजत पदक जीते। एसडीएटी टेनिस कॉम्प्लेक्स में तमिलनाडु के रेथिन प्रणव आर.एस. और एम.आर. रेवती ने भी स्वर्ण पदक जीते। लडकों के फाइनल में प्रणव के प्रतिद्वंद्वी महाराष्ट्र के काहिर वारिक 6–2, 3–0 से पिछड़ते हुए रिटायर हो गए, जबकि लड़कियों के फाइनल में रेवती ने तेलंगाना की लक्ष्मी सिरी दांडू को 6–1, 6–3 से हराया। प्रणव और रेवती ने अपने–अपने जोड़ीदारों के साथ मंगलवार को लडके और लड़कियों के युगल में स्वर्ण पदक जीते थे।

# जुबिलियंट डीएवी क्रिकेट अकादमी ने अंडर–19 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता

चंडीगढ़ ,डीएवी कॉलेज क्रिकेट अकादमी चंडीगढ़ ने सनराइज क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर को 71 से हराया और आज यहां आईवीसीए में आयोजित दूसरे स्वर्गीय आरपी सिंह मेमोरियल लडकों के अंडर–19 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए, डीएवी कॉलेज क्रिकेट अकादमी, चंडीगढ़ ने 38.4 ओवर में 169 रन बनाए। जवाब में सनराइज क्रिकेट एकेडमी जीरकपुर की पूरी टीम 27.5 ओवर में 98 रन पर ही सिमट गई।पूर्व आईएएस और प्रेरक वक्ता मुख्य अतिथि विवेक अत्रे ने हरमिंदर कौर पत्नी स्वर्गीय आरपी सिंह, कंवर विरदी, यूटी क्रिकेट एसोसिएशन की महिला टीम के चयनकर्ता भूपिंदर सिंह के साथ पुरस्कार वितरित किए।विवेक अत्रे ने कहा कि वास्तव में आयोजक सराहना के काबिल हैं। उन्हें बधाई देता हूं, जो जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने और शहर के ग्रामीण/पिछड़े क्षेत्र के उभरते क्रिकेटरों को बड़े मैदानों में प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने में लगे हुए हैं।



क्योंकि उन्होंने पुरुषों और महिलाओं के लिए विभिन्न किशोर श्रेणियों में लगातार इतने बड़े टूर्नामेंट का आयोजन किया।

टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं:

सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज– कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अर्श कबीर 5 मैचों में कुल 341 रन बनाए।, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज– डीएवी कॉलेज क्रिकेट अकादमी चंडीगढ़ के नौनिहाल एटलस 6 मैचों में कुल 13 विकेट लिए। सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर– सनराइज क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर के अभिनव कपिल। सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर/सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी– सनराइज क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर के अनुभव कौशिक 6 मैचों में कुल 291 रन और कुल 13 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच– सनराइज क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर के रितिक संधू। सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और उभरते खिलाड़ी– डीएवी कॉलेज क्रिकेट अकादमी, चंडीगढ़ के बलराज सिंह।

**संक्षिप्त स्कोर:**

डीएवी कॉलेज क्रिकेट अकादमी, चंडीगढ़– 169 ऑलआउट 38.2 ओवर। अकुल भनोट 38, अक्षय वशिष्ठ 29, उदय 25, आर्यन वर्मा 17, सक्षम सिंगला 16, अनुभव कौशिक 11 रन देकर 4, ओमान 33 रन देकर 2, अधिराज सिंह 30 रन देकर 2, हरनूर सिंह 33 रन देकर 1, मृदुल 40 रन देकर 1 विकेट। सनराइज क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर– 27.5 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट। अंशुल छाजटा 26, ओमान 15, मृदुल चावला 14, नौनिहाल एटलस 26 रन पर 3, रितिक संधू 26 पर 2, अभिनव शर्मा 3 पर 1, लवप्रीत 20 पर 1

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com